आनंदालय

सामयिक परीक्षा-2

कक्षा : दसवीं

विद्या सवर्धि साधिका

विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 27-09-2022 | निर्धारित समय: 3:00 घंटे

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं जो दो खंडों 'अ' और 'ब' में विभाजित हैं |
- खंड 'अ' में कुल 10 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

## खंड- 'अ' वस्तुपरक-प्रश्न

अंक

1. नीचे एक गद्यांश दिया गया है | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए | (5X1=5)

बड़ा बनने के लिए हमें विशाल काम करने की जरूरत नहीं होती, बल्कि प्रत्येक काम में विशालता के चिह्न खोजने पड़ते हैं | अपने अंतर्मन में सदैव जिज्ञासा को जन्म देना होता है | दुनिया में ज्ञान का जो बोलबाला है, उसमें हमारे कौतूहल की केंद्रीय भूमिका है | अल्बर्ट आइंस्टाइन ने एक बार अपने साक्षात्कार में कहा था कि हमारी जिज्ञासा ही हमारे अस्तित्व का आधार है | बिना प्रश्न के हमारे जीवन में न गति आएगी और न कोई रस होगा | जब हम चिंतन करते हैं, तब नई बातें सामने आती हैं | जब हम कहते हैं क्यों, कैसे, क्या तब हमारे अंदर की स्नायु प्राण ऊर्जा और संकल्प एक नई गति और उत्साह के साथ नवीनता की यात्रा करने लगते हैं |

हमें इस दुनिया की इतनी आदत पड़ चुकी है कि लीक से हटकर सोचना नहीं चाहते | कोई विभिन्नता नहीं, ना ही कोई नवीनता है | यह कैसा जीवन है, जिसमें कोई कौतूहल नहीं कोई आश्चर्य नहीं ? इस जगत में हमारी स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह है, जो अपनी सुखमयी व्यवस्था में पड़े रहते हैं | लेकिन जो स्वतंत्र होते हैं, वे हृदय की आवाज़ सुनते हैं | जो बड़ा होना चाहते हैं, इस दुनिया और उसकी प्रत्येक घटना, वस्तु एवं स्थिति पर अपना आश्चर्य प्रकट करते हैं | प्रत्येक घटना और वस्तु से परे हटकर सोचने और उसको देखने की कोशिश जो करते हैं, वही बड़ा बनते हैं | जिज्ञासु मन और बुद्धि ही दर्शन और विज्ञान की दुनिया बनाते हैं |

(i) मनुष्य का कौतूहल उसे किस दिशा में अग्रसर करता है ?

(ii) "जिज्ञासा ही हमारे अस्तित्व का आधार है " किसने कहा था ?

(iii) प्रश्न पूछने से क्या लाभ होता है ?

(iv) लीक से हटकर सोच को विकसित करने के लिए क्या आवश्यक है ?

(v) नवीन दर्शन और विज्ञान की दुनिया का सृजन कौन करता है ?

2. नीचे एक गद्यांश दिया गया है | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए | (5X1=5)

राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य है कि हम इसकी प्रगति में पूरा-पूरा सहयोग दें | राष्ट्र को स्वावलंबी बनाने में हमारी भूमिका निर्णायक सिद्ध होगी | औद्योगिक एवं कृषि की दृष्टि से राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है | ऐसा तभी संभव है जब हम अपने-अपने क्षेत्र में पूरी लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करें | आर्थिक दृष्टि से राष्ट्र को सबल बनाना भी हमारा कर्तव्य है | हमें करों का भुगतान पूरी ईमानदारी के साथ करना चाहिए | राष्ट्र के प्रति हमारा यह भी कर्तव्य है कि हम राष्ट्र के सम्मान को कभी नीचे न गिरने दें | हमें विदेशियों के सम्मुख कभी अपने राष्ट्र की बुराई नहीं करनी चाहिए | यदि हम ऐसा करते हैं तो अपने देश के सामूहिक मानसिक बल का ह्रास करते हैं | हमें सदैव ऐसे कार्य करनी चाहिए जिससे हमारा राष्ट्र गर्व का अनुभव कर सकें | राष्ट्र में व्याप्त बुराइयाँ दूर करने के लिए भी हमें प्रयत्नशील रहना चाहिए | बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, कालाबाज़ारी, नशाखोरी आदि बुराइयों पर नियंत्रण पाने में हमें सरकार की पूरी-पूरी मदद करनी चाहिए | जब हमारा राष्ट्र इन बुराइयों से पीछा छुड़ा लेगा, तब हमारा राष्ट्र निश्चय ही उन्नति के मार्ग पर बढ़ चलेगा |

(i) हम राष्ट्र का सम्मान कैसे बनाए रख सकते हैं ?

(ii) राष्ट्र के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है ?

(iii) हम राष्ट्र को आर्थिक दृष्टि से कैसे सबल बना सकते हैं ?

(iv) 'स्वावलंबी' शब्द का पर्यायवाची गद्यांश में से लिखिए |

(v) प्रस्तुत गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए |

व्यावहारिक व्याकरण

3. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) 'गाँव से आए मजदूरों में से कुछ अंग्रेजी जानते हैं |'- वाक्य में सर्वनाम पदबंध है :-

(क) गाँव से आए मजदूरों (ख) गाँव से आए मजदूरों में से कुछ

(ग) कुछ अंग्रेजी जानते हैं (घ) जानते हैं

(ii) 'रेलगाड़ी <u>बहुत धीरे-धीरे</u> चल रही है'- वाक्य में रेखांकित पदबंध है :-

(क) संज्ञा पदबंध ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(iii) '<u>सबसे ताकतवर और फुर्तीला</u> घोड़ा यही है |' - वाक्य में रेखांकित पदबंध है :-

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(iv) 'राधा ने सब्जी <u>काटकर रख दी है</u> |' - वाक्य में पदबंध है :-

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(v) 'सदैव जल से भरी रहनेवाली नदी यहाँ बहती है |' - वाक्य में पदबंध है :-

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

4. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा सरल वाक्य है ?

(क) कवि की कविता सुनकर श्रोता हँस पड़े |

(ख) गीता व्यस्त थी अतः मेरे घर नहीं आई |

(ग) उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ |

(घ) जो श्रम करता है उसे सफलता मिलती है |

(ii) 'महेश ने पैसे कमाए और मकान खरीदा |'- वाक्य-रचना की दृष्टि से है :-

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

(iii) 'दिनेश शहर जाकर बीमार पड़ गया ' - वाक्य का मिश्रित रूप है :-

(क) दिनेश शहर गया इसलिए बीमार पड़ गया |

(ख) दिनेश शहर जाते ही बीमार पड़ गया |

(ग) जैसे ही दिनेश शहर गया, वह बीमार पड़ गया |

(घ) दिनेश शहर गया और बीमार पड़ गया |

(iv) " जो व्यक्ति सच बोलता है, उसे कोई नहीं डरा सकता |"-रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद है :-

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

(v) रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं -

(क) दो (ख) तीन (ग) पाँच (घ) आठ

5. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) 'पुस्तकालय' में कौन सा समास है ?

(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव (ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

(ii) 'जीवन में सुख-दुःख आते ही रहते हैं |' वाक्य में समस्तपद है -

(क) जीवन (ख) सुख-दुःख (ग) दुःख (घ) सुख

(iii) 'राजा की आज्ञा' का समस्त पद है : -

(क) राज्याज्ञा (ख) राजादेश (ग) राजाज्ञा (घ) राजक

(iv) 'बच्चों ने यथाशक्ति कार्य किया |' रेखांकित समस्तपद में कौन-सा समास है : -

(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव समास (ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास

(v) निम्न में द्विगु समास है :-

(क) तिनका (ख) त्रिभुवन (ग) चतुर -चालाक (घ) कमलनयन

6. निम्नलिखित छह प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) बाधा उत्पन्न करना - अर्थ के लिए मुहावरा है -

(क) दीवार खड़ी करना (ख) लोहे के चने चबाना (ग) मुँह की खाना (घ) सुध-बुध खोना

(ii) मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में हमेशा __ चाहिए - उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

(क) घुटने टेकना (ख) पीठ दिखाना

(ग) आग बबूला (घ) चट्टान बनकर खड़े रहना

(iii) पुलिस ने मार-मार कर चोर की ______ - रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए : -

(क) नौ दो ग्यारह होना (ख) चमड़ी उधेड़ना (ग) खून खौलना (घ) तरस खाना

(iv) 'बीड़ा उठाना' - मुहावरे का अर्थ है : -

(क) चुनौती स्वीकार करना (ख) ज़िम्मेदारी उठाना (ग) शुभारंभ करना (घ) हाथ-पाँव चलाना

(v) स्पर्धा के इस दौर में आज की युवा पीढ़ी—---- चाहती है | रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए : -

(क) आस्तीन का साँप (ख) लाल-पीला होना (ग) हरफ़नमौला होना (घ) मुट्ठी में होना

(vi) 'छठी का दूध याद आना' - मुहावरे का अर्थ है -

(क) बुरी तरह हराना (ख) कलंक लगना (ग) भूखों मरना (घ) भारी संकट में पड़ना

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए:- (5X1=5)

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु या मरो कि याद जो करें सभी |
हुई नहीं यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आप के लिए |
वही पशु प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ||
उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती |
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती |
अखंड आत्मभाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ||

(i) विचार लो कि मर्त्य हो_____ पंक्ति में 'मर्त्य' से क्या तात्पर्य है -

(क) मृत्यु (ख) मरना (ग) मारना (घ) मरणशील

(ii) किस स्थिति में मनुष्य का जीना और मरना दोनों ही व्यर्थ हैं ?

(क) मृत्यु से डरने पर (ख) मृत्यु से हारने पर

(ग) सुमृत्यु न होने पर (घ) अपने लिए जीने पर

(iii) 'आप आप ही चरे'- पंक्ति का क्या तात्पर्य है ?

(क) केवल स्वयं के लिए जीना (ख) पशु की तरह चरना

(ग) पशु की तरह घूमना (घ) पशु की तरह खाना

(iv) किस प्रकार के मनुष्य की कीर्ति सदा गूँजती है और सारी सृष्टि उसकी पूजा करती है ?

(क) सच्चे मनुष्य की (ख) विश्व में एकता व आत्मीयता का भाव भरने वाले की

(ग) सुमृत्यु प्राप्त करने वाले की (घ) महान मनुष्य की

(v) व्यक्ति की मृत्यु कैसी होनी चाहिए ?

(क) उसके जाने के बाद सब सुख महसूस करें (ख) उसके जाने के बाद उसके सत्कर्मों को याद करें

(ग) उसकी मृत्यु पर शोक सभा की जा सके (घ) उसकी मृत्यु दुर्घटना से न हो

8. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए:- (2x1=2)

(i) किस कारण से हम ईश्वर को अपने भीतर नहीं देख पाते ?

(क) आलस्य के कारण (ख) भय के कारण (ग) अज्ञानता के कारण (घ) हीनता के कारण

(ii) कबीरदास की साखियों की भाषा को क्या कहा जाता है ?

(क) नमकीन पापड़ी (ख) मीठी रबड़ी (ग) कड़वी निबोरी (घ) पंचमेल खिचड़ी

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

गाँव के लोग भी तताँरा के विरोध में आवाज़ उठाने लगे | यह तताँरा के लिए असहनीय था | वामीरो अब भी रोए जा रही थी | तताँरा भी गुस्से से भर उठा | उसे जहाँ विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था वहीं अपनी असहायता पर खीझ | वामीरो का दुःख उसे और गहरा रहा था | उसे समझ नहीं आ रहा था कि क्या कदम उठाना चाहिए? अनायास उसका हाथ तलवार की मूठ पर जा टिका | क्रोध में उसने तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा | क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था | लोग सहम उठे | एक सन्नाटा-सा खिंच गया | कोई राह नहीं सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए, उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा | वह पसीने से नहा उठा | सब घबराए हुए थे | वह तलवार को अपनी तरफ़ खींचते-खींचते दूर तक पहुँच गया | वह हाँफ रहा था | अचानक जहाँ तक लकीर खिंच गई थी, वहाँ एक दरार होने लगी | मानों धरती दो टुकड़ों में बँटने लगी हो | एक गड़गड़ाहट-सी गूँजने लगी और लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी |

(i) प्रस्तुत पाठ साहित्य की कौन-सी विधा है ?

(क) संस्मरण (ख) एकांकी (ग) निबंध (घ) लोक कथा

(ii) किस कारण गाँव वाले नेक और मददगार तताँरा के खिलाफ़ आवाज़ उठाने लगे ?

(क) विवाह की निषेध परंपरा (ख) प्रेम विवाह

(ग) बाल विवाह (घ) पशुओं से युद्ध करने के कारण

(iii) तताँरा ने क्रोध का शमन करने के लिए क्या किया ?

(क) तलवार धरती में घोंपकर खींचने लगा (ख) लोगों का वध किया

(ग) घबराना (घ) भाग जाना

(iv) तताँरा की तलवार के प्रहार से धरती पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(क) धरती हरी-भरी हो गई (ख) भूकंप आ गया गया

(ग) धरती दो टुकड़ों में बँटने लगी (घ) धरती में छोटी-सी दरार पड़ गई

(v) पाठ के लेखक का नाम है -

(क) प्रेमचंद (ख) लीलाधर मंडलोई (ग) सीताराम सेकसरिया (घ) निदा फ़ाज़ली

10. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए:- (2x1=2)

(i) 'तीसरी कसम' किसके जीवन की पहली और अंतिम फ़िल्म है ?

(क) लेखक के (ख) शैलेंद्र के (ग) राज कपूर के (घ) वहीदा रहमान के

(ii) भारतीय इतिहास में 26 जनवरी अमर है क्योंकि इस दिन -

(क) भारत को स्वतंत्रता मिली थी (ख) गांधी जी को जेल हुई थी

(ग) सारे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था (घ) भारत में क्रांति की लहर फैली थी

खंड - 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न

पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए :- (2x3=6)

(i) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने जो उपाय सुझाया है वर्तमान में उसकी क्या प्रासंगिकता है?

(ii) 'द्रौपदी री लाज राखी, आप बढ़ाओ चीर |' इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए |

(iii) कबीर के अनुसार कैसी वाणी का प्रयोग करना चाहिए और क्यों ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए :- (2x3=6)

(i) बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ? अपने शब्दों में लिखिए |

(ii) 'लेखक की डायरी का पन्ना' भावी पीढ़ी को किस प्रकार प्रेरित करता है ? स्पष्ट कीजिए |

(iii) 'तीसरी कसम' सभी गुणों से पूर्ण होने के बाद भी जनता की भीड़ क्यों नहीं जुटा पाई ? तर्कसंगत उत्तर दीजिए |

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए :- (2x3=6)

(i) 'मेरे साथ खेलनेवाले सभी बच्चों का हाल एक-सा होता |' कैसे हाल का वर्णन लेखक गुरदयाल सिंह जी ने किया है ? स्पष्ट कीजिए |

(ii) ठाकुरबारी का दिन दुगना रात चौगुना विकास हमारे समाज की किस मनोदशा को दर्शाता है ?

(iii) लेखक गुरदयाल सिंह को स्कूल जाने के नाम से उदासी क्यों आती थी ? आपको विद्यालय जाना कैसा लगता है और क्यों ?

लेखन

14. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (1x5=5)

(क) **नारी और नौकरी**
- भारत की प्राचीन परंपरा
- आधुनिक युग की नारी
- नारी अपने अस्तित्व के प्रति सतर्क
- निष्कर्ष

(ख) **स्वच्छता आंदोलन**
- क्यों आवश्यक
- बदलाव
- हमारा उत्तरदायित्व
- उपसंहार

(ग) **आधुनिक जीवन और प्राचीन ग्रंथ**
- ग्रंथ हमारी अमूल्य धरोहर
- हमारे प्रेरणा-स्रोत
- जीवन पर प्रभाव
- निष्कर्ष

15. छात्रावास की समुचित एवं नियमित सफ़ाई हेतु छात्रावास अधीक्षक को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए | (1x5=5)

**अथवा**

हाल ही में तमिलनाडू सरकार ने कक्षा पहली से पाँचवीं के विद्यार्थियों के लिए 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' आरंभ की है | इस योजना की प्रशंसा करते हुए 'नवभारत' समाचार पत्र के संपादक को लगभग 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए |

16. अपने विद्यालय के पुस्तकालय-अध्यक्ष की ओर से पुरानी पुस्तकें ज़रूरतमंद लोगों को दान करने का आग्रह करते हुए लगभग 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए | (1x4=4)

**अथवा**

विद्यालय में आयोजित होने जा रही 'कविता गायन ' प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए राधासी मंच के सचिव की ओर से एक सूचना लगभग 80 शब्दों में लिखिए |

17. 'लाइट वाशिंग पाउडर' नामक उत्पाद हेतु लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए | (1x3=3)

**अथवा**

'वीथिका' मासिक पत्रिका के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

18. दिए गए प्रस्थान बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए | (1x5=5)

कुएँ पर पानी भरने आई महिलाएँ अपने-अपने बेटों का गुणगान कर रही थीं | कोई कवि था, कोई पहलवान था, कोई बहुत विद्वान था, कोई संगीतज्ञ अथवा कलाकार| सभी औरतें पानी लेकर चल पड़ीं| एक औरत का बेटा साधारण गुणों वाला था | केवल उसी ने अपनी माँ के सिर से भरा घड़ा ले लिया और अपने सिर पर रखकर चल पड़ा | सभी महिलाएँ बोल पड़ी-"यही लड़का गुणगान है |"

**अथवा**

आप विद्यालय के छात्र सचिव हैं | गांधी जयंती के अवसर पर 'प्रभात फेरी' का आयोजन करना चाहते हैं | इसकी अनुमति माँगने हेतु लगभग 100 शब्दों में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को ई-मेल लिखिए |